# महादेई वन्यजीव अभयारण्य

हाल ही में बाघ संरक्षण प्रयासों के लिये एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम में**बॉम्बे उच्च न्यायालय की गोवा पीठ** ने **गोवा सरकार को** 24 जुलाई, 2023 से **तीन माह** के भीतर **महादेई वन्यजीव अभयारण्य** और इसके **आसपास के क्षेत्रों को** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 **के अंतर्गत बाघ रिज़र्व के रूप में** अधिसूचित करने का निर्देश जारी किया है।

- यह निर्णय **लंबी कानूनी लड़ाई और पर्यावरणविदों और संरक्षणवादियों की मांग के बाद** आया है तथा इसका वन्यजीव संरक्षण तथा वनवासियों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

## नोट:

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की सलाह पर **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** की **धारा 38V** के प्रावधानों के अनुसार **राज्य सरकारों** द्वारा बाघ अभयारण्यों को अधिसूचित किया जाता है।

## महादेई वन्यजीव अभयारण्य के बारे में मुख्य तथ्य:

- **स्थान और परिदृश्य:**
  - **यह गोवा के उत्तरी भाग**, संगुएम तालुका, **वालपोई शहर** के पास स्थित है।
  - इसमें व**ज़रा सकला झरना और वरिदी झरना** सहित सुरम्य झरने शामिल हैं।
  - **यह वज़रा फॉल्स के पास गंभीर रूप** से लुप्तप्राय लंबी चोंच वाले गिद्धों के घोंसले के लिये जाना जाता है।
  - घने नमी वाले पर्णपाती वनों और कुछ **सदाबहार प्रजातियों** के साथ विविध परिदृश्य।
  - **यह दुर्लभ और स्वदेशी संरक्षित वृक्षों के उपवनों** के लिये उल्लेखनीय है ।
- **वनस्पति और जीव:**
  - भारतीय गौर**, बाघ, बार्किंग हिरण, सांभर हिरण, जंगली सूअर, भारतीय खरगोश** और कई जीवों के साथ समृद्ध जैव-विविधता।
  - विभिन्न प्रकार के साँपों की उपस्थिति के कारण **यह पशु चिकित्सकों** को आकर्षित करता है, जिनमें **'बड़े चार' विषैले साँप- भारतीय क्रेट, रसेल वाइपर, सॉ-स्केल्ड वाइपर और स्पेक्टैकल्ड कोबरा शामिल हैं।**
  - **मालाबार तोता और रूफस बैबलर** जैसी कई पक्षी प्रजातियों के कारण इसे **अंतर्राष्ट्रीय पक्षी क्षेत्र** नामित किया गया है।
  - **यह गोवा में बाघ संरक्षण** के लिये एक महत्त्वपूर्ण आवास का प्रतिनिधित्व करता है।
- **अद्वितीय भौगोलिक विशेषताएँ:**
  - गोवा **की तीन सबसे ऊँची चोटियाँ: सोंसोगोर (1027 मीटर), तलावचे सदा (812 मीटर) और वागेरी (725 मीटर)।**
  - गोवा की जीवन रेखा, **महादेई नदी,** कर्नाटक से निकलती है और अभयारण्य से होकर गुज़रती है तथा पणजी में अरब सागर में मिलती है।
    - अभयारण्य महादेई नदी के लिये जलग्रहण क्षेत्र के रूप में कार्य करता है।

[//](#)




## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित संरक्षित क्षेत्रों पर विचार कीजिये: (2012)**

1. बांदीपुर
2. भितरकनिका
3. मानस
4. सुंदरबन

**उपर्युक्त में से किसे टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया है?**

**(a)** केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- **बांदीपुर टाइगर रिज़र्व:** इसका गठन तत्कालीन **वेणुगोपाला वन्यजीव पार्क** के अधिकांश वन क्षेत्रों को शामिल करके किया गया था, जिसे**19 फरवरी, 1941 की सरकारी अधिसूचना के तहत** स्थापित किया गया था और इस क्षेत्र को वर्ष 1985 में 874.20 वर्ग किमी. के क्षेत्र में विस्तारित करने के साथ ही इसे **बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान** का नाम दिया गया था। इस रिज़र्व को वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत लाया गया था। यह दक्षिणी कर्नाटक के मैसूर तथा चामराजनगर ज़िलों में फैले परिदृश्य में स्थित है। यह **कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल** राज्यों के **ट्राइजंक्शन क्षेत्र में स्थित एक विशिष्ट भू-भाग** है। जीव-जंतुओं की जैवविविधता में तेंदुआ, रॉयल बंगाल टाइगर, जंगली बिल्ली, स्लॉथ भालू, एशियाई हाथी, जंगली सूअर, ग्रे बगुला, शाहीन बाज़, छोटा बस्टर्ड-बटेर, कोबरा, हरा बेल साँप आदि शामिल हैं। **अतः 1 सही है।**
- **सुंदरबन टाइगर रिज़र्व: वर्ष 1875** में **वन अधिनियम, 1865 (1865 का अधिनियम VIII)** के तहत **सुंदरबन जंगल के एक बड़े भाग को स्वतंत्रता के बाद "आरक्षित" घोषित** किया गया था, इसे **वर्ष 1977 में एक वन्यजीव अभयारण्य घोषित** किया गया और 4 मई, 1984 को एक

राष्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापति कयिा गया था। वर्ष 1978 में **सुंदरबन को राष्ट्रीय उद्यान घोषति** कयिा गया था तथा व**र्ष 1973 में इसे प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बाघ आरक्षति घोषति** कयिा गया था। यह पश्चमि बंगाल राज्य में स्थति है। यहाँ पौधों की कुछ सामान्य प्रजातयिाँ पाई जाती हैं, इनमें **सुंदरी वृक्ष, गोलपत्ति, चंपा, धुंडुल, गेनवा और हटल** शामलि हैं। इन जंगलों में **मैंग्रोव की लगभग 78 प्रजातयिाँ** हैं।

- यह वन्यजीव अभयारण्य रॉयल बंगाल टाइगर के साथ-साथ अन्य पशुओं जैसे- मछली पकड़ने वाली बलि्लयिाँ, मकाक, तेंदुआ, भारतीय ग्रे नेवला, जंगली सूअर, उड़ने वाली लोमड़ी और पैंगोलनि का घर है। **अतः 4 सही है।**
- **मानस टाइगर रज़िर्व:** वर्ष 1907 में इस जंगल को रज़िर्व फॉरेस्ट घोषति कयिा गया था। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1950 में मानस रज़िर्व वन को वन्यजीव अभयारण्य घोषति कयिा गया था। वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के शुभारंभ के साथ मानस टाइगर रज़िर्व को आधकिारकि तौर पर घोषति कयिा गया था। UNESCO ने वर्ष 1985 में इसे वश्वि धरोहर स्थल (प्राकृतकि) घोषति कयिा तथा वर्ष 1989 में UNESCO के मानव एवं जीवमंडल कार्यक्रम के तहत बायोस्फीयर रज़िर्व के रूप में नामति कयिा था। यह रज़िर्व तराई एवं भाबर के घास के मैदानों के मध्य में स्थति है जो अर्द्ध-सदाबहार जंगलों के साथ ही असम राज्य से भूटान के हमिालय क्षेत्रों तक वसि्तृत है। यह बाघ अभयारण्य अंतर-देशीय बाघ संरक्षण का एक उदाहरण है तथा यह भारत में असम से लेकर भूटान में रॉयल मानस तक फैला हुआ है। यह रज़िर्व रॉयल बंगाल टाइगरस की आबादी में काफी समृद्ध है। पग्मिी की कुछ आबादी अब केवल मानस के जंगलों में बची है तथा वश्वि में कहीं और नहीं है। **अतः 3 सही है।**
- **भतिरकनकिा आर्द्रभूमि:** इसका प्रतनिधित्वि 3 संरक्षति क्षेत्रों द्वारा कयिा जाता है अर्थात् "भीतरकनकिा राष्ट्रीय उद्यान", "भीतरकनकिा वन्यजीव अभयारण्य" और "गहरिमाथा समुद्री अभयारण्य"। भतिरकनकिा राष्ट्रीय उद्यान तेंदुआ, मछली पकड़ने वाली बलि्ली, जंगली सूअर, चत्तिीदार हरिण, सांभर, डॉल्फनि, खारे जल के मगरमच्छ का प्रमुख नविास स्थान है। हालाँकि भितिरकनकिा को बाघ अभयारण्य घोषति नहीं कयिा गया है। **अतः 2 सही नहीं है। इसलयिे वकिल्प (B) सही उत्तर है।**

---

**प्रश्न. पारस्थितिकि दृष्टकिोण से पूर्वी घाटों और पश्चमिी घाटों के बीच एक अच्छा संपर्क होने के रूप में नमि्नलखिति में से कसिका महत्त्व अधकि है? (2017)**

**(a)** सत्यामंगलम बाघ आरक्षति क्षेत्र (सत्यमंगलम टाइगर रज़िर्व)
(b) नल्लामला वन
(c) नागरहोले राष्ट्रीय उद्यान
(d) शेषाचलम जीवमंडल आरक्षति क्षेत्र (शेषाचलम बायोस्फीयर रज़िर्व)

**उत्तर: (a)**

- सत्यमंगलम वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रज़िर्व भारतीय राज्य तमलिनाडु में पश्चमिी घाट के साथ एक संरक्षति क्षेत्र है।
- सत्यमंगलम वन रेंज पश्चमिी घाट और शेष पूर्वी घाट के मध्य नीलगरिि बायोस्फीयर रज़िर्व में एक महत्त्वपूर्ण वन्यजीव गलयिारा है, साथ ही चार अन्य संरक्षति क्षेत्रों के बीच एक आनुवंशकि संबंध है, जसिमें बलगिरिरिंगा स्वामी मंदरि वन्यजीव अभयारण्य, सगिुर पठार, मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान और बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान शामलि हैं।
- यह वर्ष 2008 में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापति कयिा गया था और वर्ष 2011 में इसका वसि्तार कयिा गया था। यह तमलिनाडु का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है, जो 1,411.6 वर्ग कलिोमीटर के वन क्षेत्र को कवर करता है। तमलिनाडु राज्य में प्रोजेक्ट टाइगर के हसि्से के रूप में यह वर्ष 2013 में चौथा बाघ अभयारण्य बन गया।
- नल्लामला वन दक्षणि भारत के सबसे बड़े जंगलों में से एक है। यह नल्लामला पहाड़ी पर है, जो पूर्वी घाट का हसि्सा है। इसे पाँच ज़लिों में वभिाजति कयिा गया है: कुरनूल, गुंटूर, कडप्पा, महबूबनगर एवं प्रकाशम। वुडलैंड में बाघों की स्वस्थ आबादी है एवं इसका एक हसि्सा नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रज़िर्व का हसि्सा है।
- नागरहोले राष्ट्रीय उद्यान मैसूर और कोडागु के कर्नाटक क्षेत्रों में स्थति है। नागरहोले राष्ट्रीय उद्यान नीलगरिि बायोस्फीयर रज़िर्व का हसि्सा है तथा दक्षणि में **बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान एवं मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और पश्चमि में वायनाड के साथ हाथयिों व बाघों जैसी लुप्तप्राय प्रजातयिों के लयिे सबसे अच्छी तरह से संरक्षति आवासों में से एक है।**
- शेषाचलम पहाड़याँ आंध्र प्रदेश के चत्तिूर और कडप्पा ज़लिों के कुछ हसि्सों में फैली हुई पहाड़ी शृंखलाएँ हैं और वर्ष 2010 में शेषाचलम बायोस्फीयर रज़िर्व के रूप में नामति की गई हैं। बायोस्फीयर रज़िर्व में लाल चंदन के बड़े भंडार हैं। **अतः वकिल्प (a) सही उत्तर है।**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mhadei-wildlife-sanctuary